b>

Title: Need to provide rail services linking Parwanoo-Badotiwala-Nalagarh-Dabota areas in Himachal Pradesh with Chandigarh. − Laid.

कर्नल (सेवानिवृत्त) डॉ0 धनी राम शांडिल्य (शिमला): मान्यवर, यह सर्वविदित है कि परवाणु से लेकर बद्दी-बड़ोटीवाला - नालागढ़ से होता हुआ दबोटा तक का क्षेत्र उद्योग की दृटि से एक बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहां पर बहुत से उद्योगपतियों ने निवेश किया है और कई ईकाइयां स्थापित हुयी हैं। परन्तु आधुनिक औद्योगिकरण को सही दिशा में सुदृढ़ व योजनाबद्ध आधारभूत सुविधाओं का होना अत्यंत अनिवार्य है। हाल ही में केन्द्र सरकार ने पूंजीपतियों व उद्योगपतियों को इस क्षेत्र में निवेश की दिशा कई महत्वपूर्ण व सार्थक कदम उठाकर उन्हें कई सुविधाएं प्रदान की हैं, परन्तु आधुनिक औद्योगिक विकास की मूलभूत सुविधा रेल मार्ग से यह क्षेत्र अभी तक वंचित रहा है।

महोदय, रेलवे लाइन उपलब्ध होने से जहां एक ओर उद्योग जुड़ी वस्तुओं की आवाजाही में आसानी होगी, वहीं चण्डीगढ़ व आसपास के नगरों से कर्मचारी व मजदूर वर्ग भी आसानी से आ-जा सकेंगे। चण्डीगढ-कालका लाइन से इस रेलवे सम्पर्क मार्ग को आसानी से जोड़ा जा सकेगा।

मेरा केन्द्रीय सरकार व विशोकर रेल मंत्री महोदय से यह आग्रह है कि आगामी बजट सत्र में इस महत्वपूर्ण रेल सम्पर्क मार्ग को प्राथमिकता के आधार पर मंजूरी दी जाये। ऐसा करने से उद्योग को तो निश्चित ही बढ़ावा मिलेगा; बल्कि किसानों बागवानों के उत्पाद भी मंडियों तक आसानी से जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

MR. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2.00 p.m.

13.02 hrs

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.

____